>

Ttitle: Need to run a train from Udaipur in Rajasthan to be named after Rani Hada, the brave wife of Chundawat Chieftain of Salumbar, Mewar.

श्री रघुवीर सिंह मीणा (उदयपुर): मैं राजस्थान के उदयपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। उदयपुर शहर भारत का महत्वपूर्ण ऐतिहासिक शहर और महाराणा प्रताप की जन्मस्थली है। उदयपुर से लगे चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर के अलावा अनेक ऐतिहासिक धरोहर इस क्षेत्र में है। इसी क्षेत्र में एक वीरांगना हाड़ा रानी के नाम से हुई है, जिसने युद्ध में जाते अपने पति को निशानी मांगने पर अपना सिर काट कर भिजवा दिया था। यह रानी बूंदी के हाड़ा शासक की बेटी थी और उदयपुर (मेवाड़) के सलूम्बर गांव के राजा चुण्डावत की रानी थी जिनकी शादी का गठजोड़ा खुलने से पहले ही उनके पति रावत चुण्डावत को मेवाड़ के महाराणा राजा सिंह (1653-1681) का औरंगजेब के खिलाफ मेवाड़ की रक्षार्थ युद्ध का फरमान मिला।

उदयपुर से मेवाड़ एक्सप्रेस और चेतक एक्सप्रेस नाम से दो ट्रेनों का संचालन होता है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि इस ऐतिहासिक वीरांगना हाड़ा रानी के नाम से भी एक ट्रेन चलाई जाए या किसी ट्रेन का नाम हाड़ा रानी के नाम से किया जाए।